माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 130 /परीक्षा/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक : 30/07/2026

अधिसूचना

सत्र 2025–26 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस.सी0, बी0सी0ए0, बी0बी0ए0, त्रिवर्षीय एल.एल0बी, बी0ए0–एल.एल0बी0 एवं बी0कॉम–एल.एल0बी0 तथा बी0एस.सी0–कृषि (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये है, के भविष्य के दृष्टिगत परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में स्पेशल बैक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस.सी0 के लिये

1. एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस.सी0 के ऐसे विद्यार्थी जो सत्र 2025–26 में स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये है, ही विशेष बैक पेपर परीक्षा 2026 हेतु अर्ह होगें।
2. सत्र 2025–26 के पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के केवल एक–एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक सेमेस्टर के एक से अधिक मुख्य (Major) विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
3. विद्यार्थी पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर के एक मुख्य (Major) विषय के साथ को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

बी0सी0ए0/बी0बी0ए0/त्रिवर्षीय एल.एल0बी0 के लिये

1. बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं त्रिवर्षीय एल.एल0बी0 पाठ्यक्रमों के ऐसे विद्यार्थी जो सत्र 2025–26 में स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये है, ही विशेष बैक पेपर परीक्षा 2026 हेतु अर्ह होगें।
2. बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं त्रिवर्षीय एल.एल0बी0 पाठ्यक्रम के पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर के केवल एक विषय/पेपर में विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।

बी0ए0–एल.एल0बी0 एवं बी0कॉम–एल.एल0बी0 के लिये

1. बी0ए0–एल.एल0बी0 एवं बी0कॉम–एल.एल0बी0 पाठ्यक्रमों के ऐसे विद्यार्थी जो सत्र 2025–26 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये है, ही विशेष बैक पेपर परीक्षा 2026 हेतु अर्ह होगें।
2. बी0ए0–एल.एल0बी0 एवं बी0कॉम–एल.एल0बी0 पाठ्यक्रमों के नवम् एवं दशम् सेमेस्टर के केवल एक विषय/पेपर में विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।

बी0एस.सी0–कृषि (ऑनर्स) के लिये

1. बी0एस.सी0–कृषि (ऑनर्स) पाठ्यक्रम के ऐसे विद्यार्थी जो सत्र 2025–26 में स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये है, ही विशेष बैक पेपर परीक्षा 2026 हेतु अर्ह होगें।
2. बी0एस.सी0–कृषि (ऑनर्स) पाठ्यक्रम के पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के केवल एक विषय/पेपर में विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।

नोट :– विद्यार्थियों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय का चयन किया था, विद्यार्थी उन्हीं पेपर कोड में से किसी एक विषय में विशेष बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। विशेष बैक पेपर में पेपर कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

क्र0सं0	ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण	निर्धारित तिथि
1	छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एवं ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि।	03.08.2026
2	छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म भरकर ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि–	14.08.2026
3	छात्रों द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि–	18.08.2026
4	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि–	20.08.2026

नोट – 01. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

02. कृपया यह भी सुनिश्चित करें लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।

03. परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

04. परीक्षा फॉर्म वेब लिंक https://msuweb.in पर उपलब्ध रहेंगे।

30/07/2026

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलसचिव।
2. वित्त अधिकारी।
3. सहायक/उपकुलसचिव।
4. प्रभारी सीक्रेसी/सामान्य/भण्डार।
5. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
7. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया नियमों के अनुसार फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सम्पादक, समस्त समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश/विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव